मेरी आस तू है माँ विश्वास तू है माँ

मेरी आस तू है माँ विश्वास तू है माँ
मेरी हर ख़ुशी का अब आगाज़ तू है माँ
दे दे माँ आँचल की छइयां मुझे
लेले माँ बाहों में अपनी मुझे

ग़म के थपेड़े ये कैसे सहन मैया
एक बार आके माँ तू थाम ले बइयाँ
वर्ण मैं समझूंगा नाराज़ तू है माँ
मेरी हर ख़ुशी का अब आगाज़ तू है माँ
दे दे माँ आँचल की छइयां मुझे
लेले माँ बाहों में अपनी मुझे

कितनी करूँ कोशिश कोई काम नहीं बनता
दिल पे लगे ज़ख्मो का माँ दर्द नहीं थमता
करदे करम मुझपे मोहताज हूँ माँ
मेरी हर ख़ुशी का अब आगाज़ तू है माँ
दे दे माँ आँचल की छइयां मुझे
लेले माँ बाहों में अपनी मुझे

किस्मत मेरी मैय्या क्यों मुझसे रूठ गयी
इसके संवरने की उम्मीद भी टूट गई
कल तक अकेला था पर आज तू है माँ
मेरी हर ख़ुशी का अब आगाज़ तू है माँ
दे दे माँ आँचल की छइयां मुझे
लेले माँ बाहों में अपनी मुझे

नैय्या भंवर में है तुझको पुकारा माँ
सूझे नहीं रास्ता तुझको निहारा माँ
हरी हार नहीं सकता गर साथ तू है माँ
मेरी हर ख़ुशी का अब आगाज़ तू है माँ
दे दे माँ आँचल की छइयां मुझे
लेले माँ बाहों में अपनी मुझे

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/12806/title/meri-aas-tu-hai-maa-vishvash-tu-hai-maa

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |